# R. C. B. S. E.

## SECOND PRE BOARD EXAMINATION 2018-2019

SET - B

STD. : X
SUB. : HINDI

MARKS: 80
TIME: HRS.

निर्देश:

१. इस प्रश्न पत्र के चार खंड हैं - क, ख, ग, घ।
२. सभी खण्ड के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
३. यथासंभव प्रत्येक खण्ड के उत्तर क्रमशः दीजिए।

### खंड - 'क'

**प्र१. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** (९)

मनुष्य सुख और शांति के लिए जन्म से ही प्रयास करता आया है। शिक्षा द्वारा उसे पूर्ण मानसिक शक्ति प्राप्त हुई। शिष्ट व्यक्ति सभ्य और सुसंस्कृत समाज के निर्माता होते हैं और व्यक्तियों को शिष्ट बनाने के लिए शिक्षा महत्तवपूर्ण साधन है। व्यक्ति की सच्ची स्वतंत्रता निरक्षरता में नहीं, साक्षरता में है; इसलिए हमारे देश के नेताओं ने देश की स्वतंत्रता से भी बहुत पहले राष्ट्रीय विकास के माध्य के रुप में शिक्षा के महत्तव को महसूस कर लिया था। वे यह जान चुके थे के नैतिक, आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान के लिए शिक्षा अत्यावश्यक है। तभी गांधीजी ने बुनियादी शिक्षा की बात उठाई थी। साक्षरता प्रतीक है स्वतंत्रता एवं विकास की। शिक्षा ही गुलामी की ज़ंजीरों तथा शोषण करती है। जब कोई व्यक्ति सूदखोर व ज़मीनदार की चालाकियों को समझने लगता है, जब कोई खाली व कोरे कागज़ पर अँगूठा लगाने से इनकार कर देता है - तब होता है एक विस्फोट; जिसकी गूँज व लौ दूर - दूर तक महसूस की जा सकती है फिर जन्म होता है - एक नए मानव का, एक साक्षर मानव का, एक स्वतंत्र एवं आत्मनिर्भर मानव का। इसके साथ ही समाज लेता है- एक नई अंगड़ाई, एक नई दिशा, एक नया मोड़। (प्रजातंत्र की सफलता, पूर्णतया देश के नागरिकों पर निर्भर है और ऐसा तभी संभव है, जब व्यक्ति उचित एवं अनुचित में भेद करना सीख जाए। ऐसा मात्र शिक्षा द्वारा ही संभव है।] अतः शिक्षा ही प्रजातंत्र में प्राण फूँकती है। इसको सार्थक बनाती है तथा सही अर्थों में शिक्षा ही प्रजातंत्र की आत्मा है। शिक्षा के द्वारा ही शारीरिक, मानसिक व सांस्कृतिक विकास संभव है। इसी के द्वारा मन व मस्तिष्क की शक्तियों को एकजुट किया जा सकता है।

१. मनुष्य ने जन्म से क्या पाने का प्रयास किया और शिक्षा से उसे क्या प्राप्त हुआ?

Scanned by CamScanner

२. लेखक ने विस्फोट की संज्ञा किसे दी है? स्पष्ट कीजिए।

३. लेखक के अनुसार विस्फोट के पश्चात क्या होता है?

४. प्रजातंत्र की सफलता किस प्रकार कि शिक्षा पर निर्भर है?

५. 'साक्षरता' शब्द का विलोम शब्द लिखिए ।

**प्र२. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।** (६)

बदल दो ज़माना, धरा जगमगाओ,
पसीना बहा, धूल सोना बनाओ ।
घृणा को घृणा से कठिन जीत पाना,
कठिन बैर को बैर से है दबाना,
कठिन है बहुत राह इस जिन्दगी की ।
बनाओ उसे तुम सुकोमल बनाओ ।
बदल दो ज़माना, धरा जगमगाओ,
बहुत ही सरल है उठे को गिराना,
बहुत ही सरल है बने को मिटाना,
सरल है नहीं किंतु निर्माण करना ।
अगर हो सके तो इसे कर दिखाओ ।
बदल दो ज़माना, धरा जगमगाओ ।

१. कवि किस प्रकार धरा को जगमगाने की बात कर रहा है?

२. कवि के अनुसार क्या करना कठिन है?

३. 'अगर हो सके तो इसे कर दिखाओ' का आशय स्पष्ट कीजिए ।

**खंड - 'ख'**

**प्र३.**

१. 'शब्द' की उदाहरण सहित परिभाषा लिखिए । (१)

२. 'पद' को परिभाषित कीजिए । (१)

Scanned by CamScanner

प्र४. **निर्देशानुसार वाक्य रुपांतरण कीजिए।** (३)

१. तुम परिश्रम करोगे, तभी अपनी मंज़िल तक पहुँचोगे। (सरल वाक्य)

२. घायल होने के कारण वह मैदान के बाहर चला गया। (संयुक्त वाक्य)

३. पहली बार तुम्हें इतना निराश देखा है। (मिश्र वाक्य)

प्र५.

१. **समस्त पद का विग्रह करके समास का नाम लिखिए।** (२)

यथासंभव, घुड़दौड़

२. **समस्त पद बनाकर समास का नाम लिखिए।** (२)

पूरे ज़ोर से , पीले हैं वस्त्र जिनके अर्थात श्री कृष्ण

प्र६. **निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए।** (४)

१. अब आपका दर्शन ही नहीं होता है।

२. नैनीताल की सौंदर्यता मन हर लेती है।

३. रानी लक्ष्मीबाई बहुत वीर थी।

४. वह फुटफुटकर विलाप करने लगा।

प्र७. **मुहावरों के अर्थ लिखकर वक्य बनाइए।** (२)

१. नाक नीची होना

२. बाँछे खिलाना

## खंड - 'ग'

प्र८. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

१. सुभाष बाबू के जुलूस में स्त्री - समाज की क्या भूमिका थी? (२)

Scanned by CamScanner

२. प्रैक्टिकल आइडियालिस्ट किसे कहते हैं ?

३. निकोबार के लोग तताँरा को क्यों पसंद करते थे?

**प्र९.** बड़े भाई साहब के अनुसार जीवन की समझ कैसे आती है? पाठ के आधार पर लिखिए। (५)

**अथवा**

कर्नल तथा वज़ीर अली की मुलाकत का कर्नल पर कैसा प्रभाव पड़ा होगा? आप अपनी सोच से विचार व्यक्त कीजिए।

**प्र१०. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

१. 'आत्मत्राण' कविता में कवि दुख - ताप से व्यथित चित्त को सांत्वना देने के स्थान पर प्रभु से क्या माँग रहा है। (२)

२. मीरा ने श्रीकृष्ण से अपनी सहायता करने का आग्रह क्यों किया है? (२)

३. 'मनुष्यता' कविता के आधार पर उदार व्यक्ति का गुण बताइए। (१)

**प्र११.** बिहारी के दोहे के आधार पर बताइए कि सबकी उपस्थिति में भी नायक नायिका आपस में कैसे बातें कर लेते हैं? अपने शब्दों में लिखिए। (५)

**अथवा**

'कर चले हम फ़िदा' कविता में कवि ने पौराणिक चरित्रों का वर्णन किन अर्थों में किया है? अपने शब्दों में लिखिए।

**प्र१२.** कक्षा छोड़कर कक्षा के बाहर समय बिताना एक विद्यार्थी के लिए उचित नहीं है, क्यों? यदि आप टोपी की जगह होते, तो किसी भी परिस्थिति में क्या कक्षा छोड़कर बाहर समय बिताते? अपने शब्दों में लिखिए। (५)

**अथवा**

पी. टी. साहब को हेडमास्टर शर्मा जी ने मुअत्तल क्यों कर दिया? क्या ऐसा करना उचित था? अपने विचार व्यक्त कीजिए।

Scanned by CamScanner

## खंड – 'घ'

प्र१३. **नीचे दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए।** (५)

१. संतोष धन

**संकत बिंदु –**

संतोष का अर्थ , महत्त्व , इसे अपनाना आवश्यक क्यों?, संतोष में ही सुख का वास

२. साहस ही सफलता है

**संकत बिंदु –**

अर्थ , सफलता से तुलना , मानव की उपलब्धियाँ इसी की देन, साहस जैसे गुण को अपनाने का आह्वान।

**प्र१४.** मनीऑर्डर देर से मिलने पर डाक प्रबंधक को एक शिकायती पत्र लिखिए। (५)

**अथवा**

तेजी से बढ़ते डेंगू रोग पर चिंता व्यक्त करते हुए अपने प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री को एक पत्र लिखिए।

**प्र१५.** छात्र - परिषद की बैठक हेतु प्रधानाचार्य की ओर से एक सूचना २०-३० शब्दों में लिखिए। (५)

**अथवा**

विद्यालय की ओर से आयोजित पुस्तक - प्रदर्शनी में विद्यार्थियों को आने के लिए प्रधानाचार्या की ओर से २०-३० शब्दों में एक सूचना लिखिए।

**प्र१६.** आँखों के डॉक्टर और कविता नामक लड़की के बीच होने वाले संवाद को ५० शब्दों में लिखिए। (५)

**अथवा**

टिकट निरीक्षक और अपने मध्य हुई बातचीत को लगभग ५० शब्दों में संवाद लिखिए।

**प्र१७.** साड़ियों की बिक्री हेतु एक आकर्षक विज्ञापन २५-५० तैयार कीजिए। (५)

**अथवा**

एक नए मॉडल की कार के लिए २५-५० शब्दों में एक विज्ञापन तैंयार कीजिए।

*****

Scanned by CamScanner